कुल पृष्ठ संख्या–24 (कवर पेज सहित)

क्रम संख्या....

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## माध्यमिक परीक्षा

(परीक्षार्थी द्वारा स्वयं भरा जाना चाहिये)

Candidate's Roll No. In English

(In Figures) | | | | | | | |

(In Words) ----------------------------------------

----------------------------------------

परीक्षार्थी का नामांक हिन्दी में

शब्दों में ----------------------------------------

----------------------------------------

नोट :– परीक्षार्थी उपरोक्त के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका के अन्य किसी भी भाग में अपना नामांक नहीं लिखें।

माध्यम – हिन्दी ✓ अंग्रेजी

विषय ....सामाजिक विज्ञान....

परीक्षा का दिन.............. ..............

दिनांक ..............................

नोट :– परीक्षार्थी के लिए आवश्यक निर्देश इस पृष्ठ के पिछले भाग पर उल्लेखित हैं। जिन्हें सावधानी पूर्वक पढ़ लें व पालना अवश्य करें।

प्रश्नवार प्राप्तांकों की सारणी
(परीक्षक के उपयोग हेतु)

| प्रश्नों की क्रम संख्या | प्राप्तांक | प्रश्नों की क्रम संख्या | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | 19 | |
| 2 | | 20 | |
| 3 | | 21 | |
| 4 | | 22 | |
| 5 | | 23 | |
| 6 | | 24 | |
| 7 | | 25 | |
| 8 | | 26 | |
| 9 | | 27 | |
| 10 | | 28 | |
| 11 | | 29 | |
| 12 | | 30 | |
| 13 | | 31 | |
| 14 | | योग | |
| 15 | | प्राप्त अंकों का कुल योग (Roundoff) | |
| 16 | | अंकों में | शब्दों में |
| 17 | | | |
| 18 | | | |

परीक्षक हेतु निर्देश :– (1) परीक्षक को उपरोक्त सारणी अनुसार प्राप्तांक भरना अनिवार्य है, अन्यथा नियमानुसार दंडित किया जायेगा।

(2) परीक्षक उत्तर पुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों के बायीं ओर निर्धारित कॉलम में लाल इंक से अंक प्रदत्त करें।

(3) कुल योग भिन्न में प्राप्त होने पर उसे पूर्णांक में ही परिवर्तित कर अंकित करें (उदाहरणार्थ : 15 ¼ को 16, 17 ½ को 18, 19 ¾ को 20)

परीक्षक के हस्ताक्षर ...... संकेतांक | | | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि इस उत्तर पुस्तक के निर्माण में 58 जी.एस.एम. क्रीमवोव कागज ही उपयोग में लिया गया है। 159/2016

## परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

1. समस्त प्रश्नों का हल निर्धारित शब्द सीमा में इसी उत्तर पुस्तिका में करना है। विशेष परिस्थिति में अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका पृथक से उत्तर पुस्तिका भरी हुई होने पर पर्यवेक्षक एवं वीक्षक की अनुशषां पर ही उपलब्ध कराई जायेगी।
2. प्रश्न–पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना नामांक लिखें।
3. प्रश्न–पत्र हल करने के पश्चात् जिस पृष्ठ पर हल समाप्त होता है, उस पर अन्त में "समाप्त" लिखकर अन्त के सभी रिक्त पृष्ठों को तिरछी लाईन से काटें।
4. निम्न बातों का विशेष ध्यान रखें अन्यथा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी।
   (i) उत्तर पुस्तिका के ऊपर/अन्दर तथा प्रश्नोत्तर के किसी भी भाग में चाही गई सूचना के अलावा अपना नामांक, नाम, पता, फोन नम्बर अथवा पहचान की कोई अन्य प्रकार की सूचना आदि अंकित नहीं करें अन्यथा "अनुचित साधनों के प्रयोग" के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।
   (ii) उत्तर पुस्तिका के पृष्ठों को फाड़ें नहीं। उत्तर–पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अंकित संख्या के अनुसार पृष्ठ पूरे होने चाहिये।
   (iii) परीक्षा केन्द्रों पर पुस्तक, लेख, कागज, केलक्यूलेटर, मोबाईल, पेजर आदि किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रोनिक उपकरण तथा किसी भी प्रकार का हथियार आदि ले जाना निषेध है।
   (iv) वस्त्र, स्केल, ज्योमेट्री बॉक्स पर कुछ न लिखकर लावें। टेबुल के आस–पास कोई अवैध सामग्री नहीं होनी चाहिये, इसकी जांच कर लें।
   (v) अपनी उत्तर पुस्तिका/ग्राफ/मानचित्र आदि परीक्षा भवन से बाहर ले जाना दण्डनीय अपराध है, अतः परीक्षा समाप्ति पर उत्तर पुस्तिका वीक्षक को बिना सौंपे परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ें।
5. उत्तरों को क्रमानुसार एक ही स्थान पर लिखें। प्रश्न क्रमांक भी सही अंकित करें, अन्यथा दण्ड स्वरूप परीक्षक को 1 अंक कम करने का अधिकार है। बीच में उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ रिक्त न छोड़ें। गणित विषय के लिए रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर करें तथा तिरछी रेखा से काटें।
6. जहाँ तक हो सके प्रश्न के सभी भाग के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में एक ही स्थान पर अंकित करें।
7. भाषा विषयों को छोड़कर शेष सभी विषयों के प्रश्न–पत्र हिन्दी–अंग्रेजी दोनों भाषा में मुद्रित हैं। किसी भी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही माना जाये।

(२4)

नामांक Roll No.


## S–08–Social Science

Q-30-

माध्यमिक परीक्षा, 2016

# SECONDARY EXAMINATION, 2016

## SOCIAL SCIENCE




V-1004

(क)


नामांक Roll No.

**S–08–Social Science**

माध्यमिक परीक्षा, 2016

# SECONDARY EXAMINATION, 2016

## SOCIAL SCIENCE




V-1004

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

उत्तर-1 यह कथन मोहनदास करमचन्द गांधी ने कहा था।

उत्तर-2- लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में व्यक्ति की गरिमा सर्वाधिक सुरक्षित रहती है।

उत्तर-3- प्रति व्यक्ति आय का तात्पर्य किसी एक देश में प्रतिव्यक्ति को मिलने वाली आय से है। इसे किसी देश की कुल आय में उस देश की जनसंख्या से भाग देने पर प्राप्त किया जाता है

प्रतिव्यक्ति आय = $\frac{\text{कुल आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$

उत्तर-4- बिस्कुट के उत्पादन में मैदा व चीनी आदी मध्यवर्ती वस्तुऐं हैं।

उत्तर-5- किसी व्यक्ति, कम्पनी या समूह द्वारा लाभ प्राप्त करने के लिए किसी कार्य में पैसा लगाना ही निवेश कहलाता है।

उत्तर-6- उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम का दूसरा नाम कोपरा है।

उत्तर-7- पुना पैक्ट सन् 1932 में गांधी जी व डा० भीमराव अम्बेडकर के मध्य हुआ।

उत्तर-8- सतत पोषणीय विकास से हमारा तात्पर्य यह है कि वर्तमान विकास की प्रक्रिया पर्यावरण को बिना क्षति पहुंचाए हो और वर्तमान पीढ़ी का विकास भावी पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए हो। भावी पीढ़ी की अवहेलना व उपेक्षा नहीं की जाए उन्हें पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
| --- | --- | --- |

उत्तर9→ काली मृदा की दो विशेषताऐ निम्न हैं →

(i) काली मृदा की नमी धारण करने की क्षमता उच्च होती हैं।

(ii) इसमे पोटाश, फास्फोरस व चुना मिला होता हैं। यह मृदा कपास की खेती के लिए उपर्युक्त होती है।

उत्तर10→ संकटग्रस्त प्रजातियो के दो नाम →
वन्य जीव

(i) मगरमच्छ (ii) गैंडा

उत्तर11→ राजस्थान के शुष्क व अर्धशुष्क क्षेत्रो वर्षा जल संग्रह-ण टांका या नाडी बनाकर किया जाता है टांका एक प्रकार का बहुत बड़ा कमरा जैसा होता है जिसे घर के मुख्य भाग मे बनाया जाता है व कही-कही छत वर्षा जल संग्रहण भी किया जाता हैं।

उत्तर12→ भारत में चावल की कृषि के लिए भौगोलिक दशाऐं निम्न हैं →

(i) चावल की कृषि के लिए उच्च तापमान (25°) से अधिक होना चाहिए।

(ii) चावल की कृषि के लिए अधिक आर्द्रता (100 cm) से अधिक होनी चाहिए।

(iii) चावल के लिए डेल्टाई मृदा व उच्च श्रम की आवश्यकता होती हैं।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

उत्तर-13 → विनिर्माण उद्योग के कई महत्व हैं। विनिर्माण उद्योग मे भारत के कई लोगो को रोजगार प्राप्त हैं। विनिर्माण उद्योग का राष्ट्रीय आय मे भी बहुत बड़ा अनुदान हैं। इस उद्योग का सकल घरेलू उत्पाद (G.D.P) मे योगदान निरन्तर बढ़ रहा हैं। इस उद्योग के द्वारा खराब वस्तुओ को भी उपयोगी बनाया जा सकता हैं।

उत्तर-14 - सड़क परिवहन, परिवहन का एक अच्छा, सस्ता एवं सुलभ साधन हैं। सड़क परिवहन के द्वारा थोड़ी-२ दूर के कार्य आसानी से हो जाते हैं। सड़क परिवहन से दुर्लभ स्थानो तक आसानी से पहुंचा जा सकता हैं क्यो कि वहाँ रेललाइन बिछाना सम्भव नहीं हैं जैसे - छोटे - छोटे गाँवो, ढाणियो आदी। इससे वहाँ शीघ्र पहुंचा जा सकता हैं।

~~उत्तर-15 - ब्रेटेन वुड्स समझोता न्यूहैम्पशायर शहर के ब्रिटेन वुड्स नामक~~ ब्रिटेन के ... स्थान पर हुआ

उत्तर-15 → ब्रेटन वुड्स सम्मेलन का आयोजन नई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रणाली विकसित करने व आर्थिक स्थिरता उत्पन्न करने व रोजगार को निश्चित करने के लिए गया था। इसमे विश्व बैंक व संयुक्त राष्ट्रीय मुद्रा की स्थापना युद्धोत्तर पुर्निर्माण की व्यवस्था के लिए की गई। इसलिए ही विश्व बैंक व संयुक्त राष्ट्रीय मुद्रा कोष को ब्रिटेन वुड्स की जुड़वा संतान कहा जाता हैं। इसलिए इन दोनो को ब्रिटेन वुड्स टिवनस भी कहा गया था।

उत्तर-16 → ब्रिटिश औद्योगीकरण के कारण भारतीय बुनकरो निम्न समस्याओ का सामना करना पड़ रहा था →

(i) ब्रिटिश सरकार पर ब्रिटेन के उद्योगपतियो ने दबाव बनाकर भारतीय कपड़े के आयात पर प्रतिबंध लगवा दिया था। इसके बाद उन्होने ब्रिटिश सरकार पर

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
| --- | --- | --- |

पर दुबारा दबाव बनवाया और ब्रिटिश सरकार से ब्रिटेन के कपड़ो को भारत मे बेचने की अनुमति ले ली।

(ii) ब्रिटेन मे औद्योगीकरण के पश्चात भारतीय बुनकरो को कच्चे माल के रूप मे कपास की प्राप्ति नही हो रही थी। भारतीय बाजार ब्रिटेन के कपड़ों से भर गए थे। और भारतीयो को अपने कपड़े बेचने मे मुश्किल हो रही थी।

(iii) ब्रिटेन से आने वाला माल सस्ता व सुन्दर था। भारतीय उनकी बराबरी नही कर पाऐ और पतनोन्मुख होने लगे।

उत्तर 7) एक आधुनिक शहर के रूप मे बम्बई का इस प्रकार होने लगी →

सर्वप्रथम बम्बई एक सात टापुओ का मेल था जो पुर्तगालियो के नियन्त्राण में था फिर वह पुर्तगाल की रानी की शादी के साथ ब्रिटिश सरकार के हाथ मे आ गया। ब्रिटिश सरकार ने अपना मुख्य-कार्यालय सूरत से बम्बई बना लिया फिर वहाँ विकास कार्यक्रम चालू हुए जैसे लोगो की आबादी के बसने के लिए चॉलो का निर्माण कराया गया बड़े-बड़े कारखाने स्थापित हुए। अफीम के कारण शिल्पकार यहाँ आने लगे। कपड़ा मिलो की स्थापना हुई। बड़ी-बड़ी सड़के बनवाई गई फिर मुम्बई एक औद्योगिक व प्रशासकीय क्षेत्र के रूप मे विकसित हुआ और मुम्बई से मुम्बई प्रेसीडेंसी की राजधानी बन गया।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

उत्तर-18 → वियतनामी युद्ध में अमेरिकी सेना द्वारा उपयोग किए गए नापाम एवं एजेण्ट ऑरेन्ज बम्बो का परिचय इस प्रकार है।

(i) नापाम का परिचय → अमेरिकी सेना ने कई रासायनिक एवं भयंकर हथियारों का प्रयोग किया जो आधुनिक हथियार थे उसमे से एक नापाम था। यह एक खतरनाक हथियार है इसमे गैसोलीन पाई जाती है जिसे फुलाकर बम्ब विस्फोट किया जाता है।

(ii) एजेण्ट ऑरेन्ज का परिचय → अमेरिकी सेना ने एजेण्ट ऑरेंज का उपयोग भी किया था। इसमे कार्बन का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है। यह बहुत खतरनाक है।

उत्तर-19 → सत्ता की साझेदारी के तीन रूप निम्न प्रकार हैं →

(i) सत्ता का क्षैतिज वितरण → सत्ता के क्षैतिज वितरण में सत्ता का बंटवारा शासन के तीनों अंगो विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य हुआ है। विधायिका कानूनों का निर्माण करती है, कार्यपालिका कानूनों को लागु करती है व न्यायपालिका उनकी जाँच करती है ये तीनों एक ही स्तर पर व एक दुसरे पर नियंत्रण रख कर कार्य करती हैं।

(ii) सत्ता का उध्वदिर वितरण → सत्ता का उध्वदिर वितरण शासन के दोनो स्तरों राज्य व केन्द्र के मध्य हुआ है इसमें उच्च स्तर व निम्न स्तर की सरकारें होती हैं जिसमें केन्द्र उच्च व राज्य निम्न स्तर पर होते हैं।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

(iii) विभिन्न समाजिक समूहो के द्वारा सत्ता की साझेदारी
⇒ विभिन्न सामाजिक समूह जैसे विभिन्न जाती के लोग भी सत्ता की साझेदारी करते हैं इनको अलग २ आरक्षण भी प्राप्त होता है।

उत्तर२० → भारतीय लोकतंत्र की प्रमुख तीन चुनौतियाँ निम्न हैं→

(i) भारतीय दलों मे लोकतंत्र ~~की~~ ~~स्थापना~~ का न होना →
भारतीय राजनीतिक दलों मे अभी भी लोकतंत्र नहीं हैं इसलिए भारतीय लोकतंत्र के समक्ष यह भी एक चुनौती के समान हैं क्यो कि लोकतंत्र जब सब जगह कायम हो चुका हैं तो दलों मे भी इसकी स्थापना हो।

(ii) स्वशासी या स्थानीय निकायो ~~की~~ के अधिकारो ~~मे~~ कम होना ~~कमी~~ ⇒ भारत में स्वशासी निकायो को अभी कम अधिकार दिए गए हैं अत: इन्हे और अधिकार

(iii) संसद में महिलाओ की ~~प्रतिनिधित्व~~ संख्या में कमी होना ⇒ भारत मे महिलाओं की संख्या संसद में काफी कम हैं अत: यह भी एक चुनौती है इसलिए इस भी सुधारा जाना चाहिए। राज्य व केन्द्र स्तर पर आरक्षण दिया जाना चाहिए।

उत्तर२१ → आर्थिक विकास के तीन लक्ष्य निम्न हैं→

(i) लोगों की आय को अधिकतम रखना →
लोगों की आय आर्थिक विकास का सबसे महत्व पूर्ण

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

लक्ष्य है क्योंकि आय से ही मनुष्यो का आर्थिक विकास होगा और वे सभी अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करेंगे।

(ii) व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराना ⇒ आर्थिक विकास का दूसरा लक्ष्य यह है कि सभी व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हो। लोगों को रोजगार भी क्षमतानुसार प्राप्त हो।

(iii) व्यक्तियों की आर्थिक मदद व सुरक्षा का दायित्व ⇒ आर्थिक विकास का तृतीय लक्ष्य यह है कि लोगों को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाया जाए व उनकी मदद करवाई जाए।

उत्तर-22 ⇒ (i) प्राथमिक क्षेत्रक की ~~निर्भरता~~ ⇒, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र की परस्पर निर्भरता ⇒ प्राथमिक क्षेत्र मे प्रकृति प्राप्त साधनो का उपयोग किया जाता है तथा कृषि आदी कार्य करते हैं यह क्षेत्रक तृतीयक क्षेत्रक पर निर्भर रहता है क्योंकि कृषि के लिए हल, फावड़ा आदी सेवाऐं तृतीयक क्षेत्रक उपलब्ध कराता है। यह परिवहन साधन भी उपलब्ध कराता है तथा द्वितीयक क्षेत्रक भी प्राथमिक व तृतीयक क्षेत्रक पर निर्भर करता है प्राथमिक क्षेत्रक से प्राप्त साधनो का विनिर्माण कर यह क्षेत्रक सामान को तृतीयक क्षेत्रक की सहायता से फैक्ट्रियो व बाजारों तक पहुंचाता है। तृतीयक क्षेत्रक द्वितीयक क्षेत्रक पर निर्भर करता है क्योंकि यह द्वितीयक क्षेत्रक द्वारा विनिर्मित चीजों का इस्तेमाल करता है जैसे - अदालत मे प्रयुक्त व विद्यालय सामान आदि।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

उ०प्र०3→ भारत मे वैश्वीकरण के तीन प्रभाव →

(i) उपभोक्ता व उत्पादको को लाभ →

वैश्वीकरण के फलस्वरूप कई वस्तुऐं जो सस्ती व अच्छी होती है वे देश मे आती है और उससे उपभोक्ताओं को लाभ होता है उत्पादको को भी अपने सामान विदेशो मे बेचने के लिए मौका मिलता है। जिससे उन्हे अच्छी कीमत प्राप्त होती है।

(ii) रोजगार के अवसर सृजित होना ⇒

वैश्वीकरण के फलस्वरूप देश मे नए रोजगार अवसर सृजित हुए है जिससे देश को लाभ हुआ है। और अर्थव्यवस्था मुद्दृढ़ हुई है।

(iii) छोटी इकाइयो का बन्द होना ⇒

छोटी इकाई वैश्वीकरण के फलस्वरूप पतनोन्मुख होने लगी है क्यो कि उनका माल बिक नही पाता है।

उ०प्र०4→ बाजार मे उपभोक्ता के शोषण के प्रकार ⇒

(i) बाजार मे कई लालची लोग मुनाफा कमाने के लिए कालाबाजारी व जमाखोरी करते है जिससे वस्तुओं का मूल्य अधिक हो जाता है और उन्हें मुनाफा मिलता है।

(ii) बाजार मे अभी कई दुकानदार लोगो को कम तोल कर वस्तुऐ दे देते है। वे वस्तुओं को अधिक मूल्य पर बेचते है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

(iii) बाजार मे कई व्यापारी या दुकानदार खराब किस्म की वस्तुऐ दे कर उपभोक्ताओ को ठगते है वे उस वस्तु की अन्तिम तिथि के बाद भी वस्तुऐं बेचते हैं। और वस्तु की गारण्टी व वारण्टी आदी भी नहीं देते।

उत्तर-२५→ मुद्रण संस्कृति ने भारत मे राष्ट्रवाद की भावना का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।→

(i) मुद्रण क्रान्ति के फलस्वरूप पत्र-पत्रिकाओ मे समाज सुधारको ने ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध कई बात छापी उन्होने सती प्रथा, बाल विवाह आदी का भी विरोध किया और लोगो को ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध खड़ा किया।

(ii) मुद्रण संस्कृति के फलस्वरूप छपी किताबो के माध्यम से भी कई व्यक्तियों को ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध खड़ा किया। इन किताबों छापा जाता था कि किस प्रकार भारत की संस्कृति व मुल्यों का हनन किया जा रहा है।

(iii) मुद्रण क्रान्ति के फलस्वरूप लोगो शिक्षित हुए और शिक्षा के प्रसार से लोगो की भावनाओं को बदल दिया और वे ब्रिटिश सरकार विरोध करने लगे।

(iv) मुद्रण क्रान्ति के फलस्वरूप लोगो के दिमाग पर असर पड़ने लगा और उनको समझमे आने लगा कि उनकी संस्कृति का हनन होने लगा है। उनका राष्ट्र बटने लगा है। इस प्रकार लोग राष्ट्रवाद के लिए एकजुट हो गए।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

उत्तर २८→ परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत ⇒ ऊर्जा के वे स्त्रोत जो एक बार होकर दुसरी बार उनके बनने मे काफी समय लगता और लगातार प्राप्त नहीं होते उन्हें परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत कहते हैं जैसे → कोयला, पेट्रोलियम, जल ऊर्जा व काष्ठ आदी परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत हैं।

कोयला ⇒

कोयला परम्पपरागत ऊर्जा स्त्रोत है। इसका निर्माण लाखो-करोडो वर्षों पुर्व पेड़-पोधो के जमीन मे दब जाने के कारण हुआ। इसका उपयोग हम घरेलु उपयोग मे ईंधन के लिए करते हैं। इससे हम उष्मा प्राप्त करते हैं। इसका उपयोग फैक्ट्रियो में शक्ति साधन के रूप में किया जाता है। इसका उपयोग हम कच्चे माल के रूप मे लौह इस्पात उद्योग व मशीनरी उद्योग में करते हैं। इसका उपयोग पेट्रोरसायन की तरह भी किया जाता है। परन्तु इसका अत्यधिक प्रयोग हो रहा है यह बहुत हानीकारक बात है। क्योंकि यह अनवीनीकरण संसाधन है और प्रकृति में सीमीत मात्रा मे है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

उत्तर 37 → भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है क्योंकि →

(i) भारत का कोई एक राष्ट्र धर्म नहीं है →
भारत धर्मनिरपेक्ष राज्य है क्योंकि भारत मे सभी धर्मों को बराबर अधिकार प्राप्त इसका कोई एक राष्ट्र धर्म घोषित नहीं है।

(ii) सभी धर्मों को समानता व धार्मिक भेदभाव नहीं →
हमारे देश मे किसी भी व्यक्ति के साथ धार्मिक भेदभाव नहीं किया जाता और सभी को बराबरी का अधिकार प्राप्त है।

(iii) कोई भी धर्म अपनाने की अनुमति ⇒ हमारे देश मे किसी के साथ धार्मिक ~~भेदभाव~~ ~~हमारे देश~~ भेदभाव नहीं किया जाता और सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतन्त्रता प्राप्त है वह किसी भी धर्म का चुनाव कर सकता है।

(iv) शासन को धार्मिक मामलो मे हस्तक्षेप का अधिकार ⇒ धार्मिक कट्टरता या फिर धार्मिक हिंसा मे शासन को हस्तक्षेप करने का अधिकार प्राप्त होता है।

~~(v) धार्मिक स्वतन्~~

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

उत्तर 28 → नेपाल मे लोकतन्त्र के दूसरा आन्दोलन के विभिन्न चरण निम्न प्रकार हैं →

(i) राजा ज्ञानेन्द्र द्वारा लोकतन्त्र का बहिष्कार → राजा ने लोकतान्त्रिक सरकार को भंग कर दिया और सारे अधिकार अपने हाथ मे ले लिए।

(ii) आन्दोलन का प्रारम्भ व उद्देश्य ⇒ राजा के अधिकार के बाद आन्दोलन का प्रारम्भ लोगो के असन्तोष के कारण हुआ व उसका उद्देश्य राजा को गद्दी से हटाना था।

(iii) आन्दोलन का स्वरूप → जब आन्दोलन प्रारम्भ हुआ तो उसमें सर्वप्रथम देश के चार बड़े दलों ने भाग लिया जिसे सप्तदलीय संगठन कहा गया फिर माओवादी भी उसमे शामिल हुई और देश के किसानो, अधिकारियो ने भी उसमे भाग लिया।

(iv) प्रमुख मांगे ⇒ लोगो आन्दोलन मे अपनी प्रमुख मांगे रखी जो इस प्रकार थी →

(i) संसद ~~की स्थापना~~ ~~हो~~ की बहाल किया जाए
(ii) सर्वदलीय सरकार का गठन हुआ और
(iii) ~~सभी~~ राजा को हटाया जाए।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

(ए) राजा द्वारा मांगो को स्वीकार करना →
राजा ने आन्दोलन मे लोगों द्वारा रखी बातो को स्वीकार किया और लोकतन्त्र स्थापित हुआ।

उत्तर-२१- हमारे मतानुसार औपचारिक साख श्रेष्ठ हैं क्यों कि औपचारिक क्षेत्र में ऋणीयो का शोषण नहीं किया जाता है। इसमे ब्याज दर भी कम होती है। इसमें सरकारी नियमो व विनियमो का पालन किया जाता है और सरकारी नियन्त्रण भी इसमे होता है। इसमें लम्बे समय के लिए ऋण दिया जाता है जबकि अनौपचारिक साख मे ऋणियो का शोषण किया जाता व अधिक ब्याज दर होती है और कम समय के लिए ब्याज दी जाती है। साख भी काफी कम होती है इसलिए औपचारिक साख अनौपचारिक साख की अपेक्षा ज्यादा अच्छी मानी जाती है। औपचारिक साख के कुछ उदा० इस प्रकार → बैंक, सहकारी समीति इत्यादी। ये सारी सरकारी संस्थाएँ होती हैं इसमे पैसो के लेन-देन मे भी परेशानी नही आती है इसमे सरकारी गारन्टी भी होती है।

उत्तर-२२(क) लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली सभी शासन प्रणालियो से बेहतर है क्यों कि इसमें निम्न चीजें होती है

(i) जनता का शासन → लोकतन्त्र मै जनता का शासन होता है वही अपने प्रतिनिधियों को चुनती है और इस प्रकार अपना शासन अप्रत्यक्ष रूप से खुद चलाती है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

(ii) इसमे संविधान होता है → लोकतान्त्रिक शासन मे एक संविधान होता जिसमे लिखी सभी बाते सर्वमान्य होती हैं। उन्हें कोई भी नही टाल सकता है।

(iii) मूल अधिकार → लोकतन्त्र मे सभी व्यक्तियों के लिए मूल अधिकार दिए जाते हैं जो सभी के लिए समान होते हैं।

(iv) नियमित व निष्पक्ष चुनाव → इस शासन प्रणाली मे प्रत्येक 5 वर्ष की अवधि के बाद चुनाव होते हैं और वे निष्पक्ष होते हैं।

(v) सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक समानता ⇒ इसमे सभी व्यक्तियों समान रूप से सभी समानताएं प्राप्त होती हैं। इसमे कोई भेदभाव नही होता है।

(ख)(i) सार्वजानिक यातायात के कई महत्व हैं और सार्वजनिक यातायात के प्रयोग से प्रदूषण भी कम होता है। सार्वजनिक यातायत के प्रयोग से सुविधा भी अधिक होती है।

(ii) रैम्प का उपयोग व्यक्ति अपने सामान को आसानी से ऊपर ले जाने के लिए करते हैं। इससे वृद्ध व विशिष्ट योग्यजनो को सुविधा होती है।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

(iii) सड़क दुर्घटना से व्यक्ति के 'जीने का अधिकार' का उल्लंघन होता है। क्योंकि सड़क दुर्घटना मे व्यक्ति की मौत तक हो सकती है जिससे उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है और वह अपने जीने का अधिकार को खो बैठता है।

समाप्त